## ग्राम पंचायत खामखेड़ा में जन सुरक्षा कैंप का आयोजन किया

# खातों को सुरक्षित व चालू रखने री-केवायसी जरूरी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा**

ग्राम पंचायत खामखेड़ा में भारतीय स्टेट बैंक एवं मप्र ग्रामीण बैंक द्वारा जन सुरक्षा कैंप लगाया गया।

कैंप के दौरान आरबीआई के महाप्रबंधक हेमंत सोनी ने कैम्प में मौजूद ग्राहकों एवं आमजन को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक के नियम के अनुसार 10 साल बाद खाते को अपडेट किया जाता है। अपडेट करने के लिए फिर से-केवायसी आवश्यक है अगर हम केवायसी नहीं करवाएंगे तो हमारा खाता असुरक्षित हो जाएगा। 10 मिनिट की साधारण प्रक्रिया है। कियोस्क सेंटर पर पहुंचकर केवायसी कराना होता है। खाते में केवायसी नहीं होने पर शासन द्वारा मिलने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं का पैसा खाते में आ तो जाएगा किंतु हितग्राही खाते से पैसा निकाल नहीं पाएगा। इसलिए री-केवायसी कराना महत्वपूर्ण है। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनय कुमार ने बताया कि जन सुरक्षा कैंप के द्वारा आपकी बैंक आपके द्वारा पहुंचकर आपके गांव में ही खाताधारकों के खातों की री-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। यह बहुत आवश्यक है।



सभी खाता धारकों से आग्रह है कि बैंक द्वारा 20 रुपए प्रति वर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना एवं 436 रुपए प्रतिवर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना इन तीनों योजनाओं का लाभ अवश्य लें आरबीआई के नियमानुसार 10 वर्ष के बाद खाते का री- के.वाय.सी अपडेट होना बहुत जरूरी है जिसके लिए री- केवायसी करवाना आवश्यक है।

इन कैंपों का मुख्य उद्देश्य लोगों को सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना तथा खातों में री-केवायसी एवं अप्रचलित खातों के केवायसी को अपडेट कर उन्हे प्रचिलित करने से संबंधित लाभ एवं महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराना है।